प्रभात
छिपाएंगे नहीं, छापेंगे
facebook-Subharti Tv Twitter-Subharti Tv
www.subhartimedia.com लखनऊ, बुधवार, 17 जुलाई 2019, मूल्य : 2.00, पृष्ठ : 12 उत्तर प्रदेश–उत्तराखंड से प्रकाशित सतरंग : ऋतिक और टाइगर का एक्शन पैक्ड वॉर पेज -07



# चन्द्रिका देवी धाम परिसर में वृक्षारोपण



**लखनऊ।** मोती लाल नेहरू राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान, लखनऊ.चैप्टर के अल्यूमनाइ के तत्वाधान मे माँ चन्द्रिका देवी धाम परिसर में 50 से अधिक सदस्यगण व परिवार उपस्थित होकर वृक्षारोपण किया तथा मैगो पार्टी बड़े उत्साह से मनाई उक्त अवसर पर लखनऊ चैप्टर के अध्यक्ष डॉ0 भरत राज सिंह, कोषाध्यक्ष, इं0 वी0सी0राय तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष इं0 मनजीत सिंह अरोड़ा ने सभी आगन्तुक व इन्जीयर बन्धुओं तथा उनके परिवार का स्वागत किया।

इसी क्रम में मां चन्द्रिका देवी धाम परिसर, जहा पर नवरात्रि के मेले के समय लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ एकत्रित होती है, पर्यावरण संरक्षण हेतु लोगों मे चेतना जागृत करने और उन्हें अधिक से अधिक पृथ्वी को हरा.भरा रखने हेतु प्रेरित करने का संकल्प लिया। चन्द्रिका देवी धाम सेवा समिति के अध्यक्ष व ग्रामप्रधान ने मोनरोको एसोसियेशन द्वारा दिये गये डोनेशन और उनके चन्द्रिका देवी धाम परिसर को हरा.भरा करने के इस प्रयास की भूरि.भूमि प्रशंसा की। उक्त कार्यक्रम के पश्चात मोनेरको एसोएयेशन के सदस्यों ने उसके आस.पास के आम के बगीचों का भ्रमण भी किया और हरियाली का आनंद उठाया।